10. Road over bridge between Mancherial-Peddampet

11. Road over bridge between Anakapalli-Thadi

12. Road over bridge between Thadi-Duvvada

13. Road over bridge between Mehbub Nagar-Manyakonda

14. Road over bridge between Kazipet-Pindal

15. Road over bridge between Timmapur-Umdanagar

Recommendations made by Nanjundappa Panel

1195. SHRI INDER KUMAR GUJRAL : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government have taken a decision on the recommendations made by Nanjundappa Panel; and

(b) if so, what are the details of the decisions taken on this Report ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS : (SHRI K.C. LENKA) : (a) and (b) The report of the Railway Fare and Freight Committee headed by Dr. D.M. Manjundappa was submitted only recently and recommendations made require examination in depth.

रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि

1196. श्री ईशदत्त यादव : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1993-94 में रेल दुर्घटनाओं की संख्या में वर्ष 1992-93 की तुलना में वृद्धि हुई है ;

(ख) वर्ष 1993-94 में हुई रेल दुर्घटनाओं की संख्या कितनी है ; और

(ग) सरकार ने रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्या उपाय किये हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) : (क) जी, नहीं।

(ख) अप्रैल, 1993 से जनवरी, 1994 की अवधि के दौरान 423 परिणामी गाड़ी दुर्घटनाएं हुई, ।

(ग) दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए गए सरक्षा संबंधी कुछ उपायों में रेलपथ, पुल, चल स्टाक, आदि जैसी गतायु परिसम्पत्तियों का नवीकरण तथा पुनःस्थापन शामिल है । चुनिंदा उच्च घनत्व वाले मार्गों पर रेलपथ संरचना को निरंतर उन्नत किया जा रहा है । टूट-फूट का पता लगाने के लिए पटरियों तथा धुरों की पराश्रव्य जांच की जाती है, सहायक चेतावनी प्रणाली, धुरा काउंटरों, रूट रिले अंतर्पाशन तथा रेलपथ परिपथन जैसे सिगनल उपकरणों को लगाने तथा उनके विस्तार से संबंधित कार्यों में तेजी लाई गई है, रेलपथ, सवारी डिब्बों माल डिब्बों, रेल इंजनों और सिगनल तथा दूरसंचार गियरों का गहन निरीक्षण तथा जांच की जाती है ।

परिचालन कोटियों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है और उनके कार्य निष्पादन पर नजर रखी जाती है । ड्राइविंग तकनीकों के बारे में ड्राइवरों को परामर्श दिया जाता है, । वात ब्रेक युक्त चल स्टाक के परिचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है । समपारों पर दुर्घटनाओं की संख्या कम करने के लिए दृश्य-श्रव्य साधनों के माध्यम से प्रचार किया जाता है ताकि समपारों को सुरक्षित ढंग से पार करने के बारे में सड़क उपयोगकर्ताओं को शिक्षित किया जा सके ।

कानपुर से कासगंज के बीच मीटर लाईन का अमान परिवर्तित किया जाना

1197. मौलाना औबैदुल्ला खान आजमी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कानपुर और कासगंज के बीच मीटर लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने में अब तक कितनी प्रगति हुई है ; और

(ख) अमान परिवर्तन के उक्त कार्य को कब तक पूरा कर लिया जाने की संभावना है ?